दिनांक-17.01.2021

स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

लोकांगन का होगा संधारण , महापौर देवेन्द्र यादव ने किया भूमिपूजन ,
वैशालीनगर, हाउसिंग बोर्ड व खुर्सीपार में 57 लाख की लागत से किए जाएंगे विकास कार्य

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के वैशालीनगर , हाउसिंग बोर्ड व खुर्सीपार क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर पर विकास कार्य किए जाएंगे जिसका भूमिपूजन किया गया। वार्ड की गलियों में पानी निकासी की व्यवस्था दुरूस्त करने नाली निर्माण के साथ ही सौंदर्यीकरण के लिए सड़क के दोनो ओर कलरफूल पेवर ब्लाॅक लगाए जाने के साथ वैशालीनगर के लोकांगन का संधारण भी किया जाएगा। जोन 02 व जोन 04 के वार्डो में 57 लाख रूपए की लागत से होने वाले विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन महापौर एवं भिलाईनगर विधायक श्री देवेन्द्र यादव ने स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किये। मूलभूत आवश्यकतों की पूर्ति के लिए होने वाले कार्य पूरा होते ही क्षेत्र की जनता को सौगात मिल जाएगी। वार्डवासियों की मांग के अनुरूप पेवर ब्लाॅक , नाली निर्माण एवं संधारण जैसी विभिन्न मांग महापौर श्री यादव से किए थे , उनकी मांगों को पूरा करने किए गए वादों को पूरा करते हुए आज विकास कार्यो के लिए भूमिपूजन कर वादा पूरा किए। गलियों में पेवर ब्लाॅक लगने से वार्ड स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देगा तथा बारिश के सीजन में कीचड़ से निजात मिलेगी।

भिलाई निगम क्षेत्र के जोन 02 के वार्ड 15 वैशालीनगर, वार्ड 26 हाउसिंग बोर्ड के तीन स्थान एवं जोन 04 के वार्ड 31 दुर्गा मंदिर के 12 स्थानों पर विकास कार्य किया जाना है जिसके लिए आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर श्री देवेन्द्र यादव ने वार्ड के नागरिकों की उपस्थिति में वार्ड के वरिष्ठ नागरिकों के हाथों नारियल तोड़वाकर विधिवत भूमिपूजन कर नागरिकों को विकास कार्य की सौगात दिए। इस दौरान निगम प्रशासन द्वारा जनहित के लिए किये जा रहे कार्यों की जानकारी देते हुए श्री यादव ने कहा कि स्वच्छता , स्वास्थ्य, शिक्षा, खेल सहित सभी क्षेत्रों को लेकर निगम के सभी वार्डों में कार्य किए जा रहे है।

जनसम्पर्क अधिकारी